बाबू मूलचंद जैन को सैकड़ों लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 सितम्बर। हम जिस महान आत्मा की पहली पुण्य तिथि पर एकत्रित होकर जिस प्रकार से उनके अच्छे कार्यों का गुणगान कर रहे हैं। ऐसे इंसान को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित हो सकती है जब कि हम भी सर्वधर्म समभाव रखते हुए ऐसे जनकल्याण के कार्य करें ताकि हमारे बाद हमारा भी ऐसा ही गुणगान हो। इन शब्दों के साथ करनाल में अनेक वक्ताओं ने प्रख्यात गांधीवादी नेता और पूर्व मंत्री स्व. बाबू मूलचन्द जैन को अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि 12 सितम्बर को प्रदान की। याद रहे स्वाधीनता सैनानी स्व. मूलचंद का गत वर्ष इसी दिन करनाल में 84 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था। वे वर्षों तक संयुक्त पंजाब, फिर हरियाणा में मंत्री और लोकसभा सदस्य भी रहे। 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में उन्होंने वर्षों अंग्रेजी सरकार के जेलों में बिताए।

उनकी प्रथम पुण्य तिथि पर स्वर्गीय नेता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पानीपत के विधायक ओमप्रकाश जैन, हरियाणा स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के उपाध्यक्ष बाबूराम गुप्ता, पूर्व वित मंत्री बलवन्त राय तायल, प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा तथा स्व. जैन के स्वाधीनता संग्राम के दिनों की अनेक साथियों ने उनकी सेवाओं को याद किया। प्रथम पुण्य तिथि सर्व धर्म सभा के रूप में मनाई गई। मूलचंद ट्रस्ट की ओर से अशोक जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इसके अलावा मौके पर एक सिलाई केन्द्रों व चिकित्सा केन्द्र भी खोला गया। जहां गरीब बच्चों को प्रशिक्षित किया जायेगा। जबकि दयाल सिंह कालेज में लोकतंत्र बचाओं दिवस पर एक सेमीनार भी आयोजित किया गया।

downlaoded from moolchandjain.org